which appeared in "Amrita Bazar Patrika" dated the 14th January, 1987 regarding unprecedented exercise of security at Santiniketan before and during the convocation;

(b) if so, whether it is a fact that some of the priceless collections were damaged by the securitymen from Delhi; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) Yes, Sir.

(b) According to the University no damage has been done to the priceless collection at Shantiniketan during the said Convocation.

(c) Does not arise.

रेल इंजनों एवं डिब्बों की आवश्यकता

2018. **श्री रशीद मसूद :**
श्रीमती रेणुका चौधरी :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने चालू वर्ष के दौरान रेल इंजनों और डिब्बों का आयात करने का निश्चय किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) देश में कितने रेल इंजनों और डिब्बों की आवश्यकता है तथा कितने इंजन और डिब्बे एक साल से अधिक समय से मरम्मत के लिए कार्यशालाओं में पड़े हैं?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) प्रोद्योगिकी हस्तान्तरण के आधार पर दो विश्व निविदाएं आमंत्रित की गयी हैं एक आधुनिक सवारी डिब्बों की खरीद के लिए तथा दूसरी इंधन की कम खपत वाले उच्च अश्व शक्ति के डीजल रेल इंजनों की खरीद के लिए थी। इन निविदाओं के प्रत्युत्तर में प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इन सवारी डिब्बों तथा रेल इंजनों की भारत में प्रत्याशित सुपुर्दगी के बारे में निविदाओं को अन्तिम रूप दिये जाने के बाद ही पता लग सकेगा।

6000 अश्व शक्ति वाले 18 अदद बिजली रेलइंजनों के लिए सितम्बर, 1985 में आर्डर दिये गये हैं और इनके दिसम्बर, 1987 से अगस्त, 1988 की अवधि के दौरान पहुंच जाने की आशा है।

(ख) इन आयातों का मुख्य कारण ऐसे सवारी डिब्बों तथा रेलइंजनों का देश में निर्माण करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्राप्त करना है जिनसे ऊर्जा का संरक्षण उच्चतर परिचालनिक कुशलता और विश्वसनीय सेवा उपलब्ध होगी आसान तथा कम अनुरक्षण, कम निष्क्रियता, यातायात के इस्तेमाल के लिए अधिक मात्रा में उपलब्धता अधिक रफ्तार की सम्भाव्यता तथा यात्रियों को अधिक आराम सुलभ होगा।

(ग) सातवीं योजना में 7920 सवारी डिब्बों तथा बिजली गाड़ी डिब्बों और 1235 इंजनों की खरीद का लक्ष्य है। कारखाने में कोई भी रेलइंजन एक वर्ष से अधिक समय से मरम्मत के लिए नहीं पड़ा है। कारखाने में बहुत ही क्षतिग्रस्त केवल एक सवारी डिब्बे की पुनर्निर्माण के लिए मरम्मत की जा रही है।

Increase in air fare by Indian Airlines

2019. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have permitted the Indian